## समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय (गैर-महापत्तन) में नवंबर, 2022 के दौरान और तक संभाला गया कार्गो

### भारत के समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय में कुल कार्गो यातायात

समुद्री यातायात का कार्यकलाप, वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाले विकास अर्थात्: वैश्विक आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि द्वारा चालित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा संभाले गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर है। गैर-महापत्तनों पर कार्गो यातायात अप्रैल-नवंबर, 2021-22 के दौरान संभाले गए 392.44 मिलियन टन से **अप्रैल-नवंबर, 2022-23 के दौरान 8.9% तक बढ़कर 427.35 मिलियन टन हो गया।**

गैर-महापत्तनों पर संभाला गया विदेशी कार्गो यातायात, अप्रैल-नवंबर, 2021-22 के दौरान संभाले गए 337.79 मिलियन टन से अप्रैल-नवंबर, 2022-23 के दौरान 4.3% तक बढ़कर 352.44 मिलियन टन हो गया। गैर-महापत्तनों पर संभाला गया तटीय कार्गो यातायात अप्रैल-नवंबर, 2021-22 के दौरान संभाले गए 54.65 मिलियन टन से अप्रैल-नवंबर, 2022-23 के दौरान 37.1% तक बढ़कर 74.91 मिलियन टन हो गया।

### नवंबर, 2022 के दौरान संभाला गया पत्तनवार कार्गो

- गैर-महापत्तनों पर नवंबर, 2022 के दौरान संभाला गया कार्गो 53.52 मिलियन टन है, जिसमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11.2% की ऋणात्मक वृद्धि देखी जा सकती है। गैर-महापत्तनों में नवंबर, 2021 के दौरान संभाले गए 6.83 मिलियन टन की तुलना में तटीय कार्गो यातायात नवंबर, 2022 के दौरान 51.6% बढ़कर 10.36 मिलियन टन हो गया। गैर-महापत्तनों में, नवंबर, 2022 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो नवंबर, 2021 के दौरान संभाले गए 43.17 मिलियन टन से 4.6% घटकर 41.29 मिलियन टन हो गया।
- **नवंबर, 2022** के दौरान, पत्तन निदेशालय, कर्नाटक के गैर-महापत्तनों ने विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में, यातायात में 403.7% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। हालांकि, कुल कार्गो संभलाई में इसकी हिस्सेदारी नाममात्र है। इसके बाद, पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (371.3%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (एमएमबी) (53.2%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (टीएनएमबी) (52.7%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (एपीएमबी) (21.3%) और गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) (3.4%) आते हैं। **नवंबर, 2022 में जिन समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों ने ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की**, उनमें कैप्टन ऑफ पोर्ट्स, गोवा (100.0%), केरल समुद्री बोर्ड (केएमबी) (54.7%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप (19.8%) और पत्तन निदेशालय, ओडिशा (13.3%) शामिल रहे।
- नवंबर, 2022 के दौरान, समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों में गुजरात समुद्री बोर्ड ने समुद्री राज्य/राज्य निदेशालय में संभाले गए कुल कार्गो में (64.3%) की हिस्सेदारी के साथ 34.42 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (14.5%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (12.1%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (5.1%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.8%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.7%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.3%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.2%) आते हैं।
- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में नवंबर, 2022 में **परियोजना कार्गो ने 381.1% की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की।** हालांकि, कुल कार्गो संभलाई में इसकी


हिस्सेदारी नाममात्र है। इसके बाद, उर्वरक (64.3%), एफआरएम लिक्विड (56.0%), अन्य कोयला (54.4%), अन्य अयस्क (32.2%), खाद्य तेल (26.2%), सीमेंट (17.4%), पीओएल क्रूड (14.4%), एलपीजी अथवा एलएनजी (7.9%), पीओएल उत्पाद (5.4%) और कंटेनर (3.1%) आते हैं। **उर्वरक** ने नवंबर, 2022 में 53.3% की अधिकतम ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, निर्माण सामग्री (30.7%), लोहा और इस्पात (27.4%), चीनी (17.8%), थर्मल कोयला (13.3%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (12.2%), कोकिंग कोयला (4.5%) और अन्य वस्तुएं (0.3%) हैं।

- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर नवंबर, 2022 में **कंटेनर** ने **17.7% की हिस्सेदारी के साथ 9.48 मिलियन टन** के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की। इसके बाद, अन्य कोयला (16.3%), पीओएल क्रूड (15.8%), पीओएल उत्पाद (12.0%), अन्य वस्तुएं (11.1%), लौह अयस्क पेलेट/फाइन (8.0%), कोकिंग कोयला (6.2%), थर्मल कोयला (3.4%), एलपीजी अथवा एलएनजी (3.3%), सीमेंट (1.7%), उर्वरक (1.4%), लोहा एवं इस्पात, दालों को छोड़कर खाद्यान्न तथा खाद्य तेल (0.6% प्रत्येक), अन्य अयस्क (0.4%), चीनी और एफआरएम लिक्विड (0.3% प्रत्येक), दालें और निर्माण सामग्री (0.2% प्रत्येक) हैं।

**<u>अप्रैल-नवंबर, 2022-23 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात</u>**

- अप्रैल-नवंबर, 2022-23 के दौरान **पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी** ने 112.7% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। हालांकि, राज्य समुद्री/ राज्य निदेशालय के गैर महापत्तनों द्वारा 427.35 मिलियन टन की कुल कार्गो संभलाई में उसकी हिस्सेदारी नाममात्र है। इसके बाद, पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (73.8%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (60.8%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (47.5%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (32.1%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (13.4%) और गुजरात समुद्री बोर्ड (3.2%) आते हैं। समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों में से अप्रैल-नवंबर, 2020-21 की तुलना में अप्रैल-नवंबर 2022-23 के दौरान कैप्टन ऑफ पोर्ट्स, गोवा (89.6%) ने यातायात में सबसे अधिक ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, केरल समुद्री बोर्ड (56.9%) और पत्तन निदेशालय, ओडिशा (8.1%) आते हैं। **(तालिका- 1)**

**Graph 1. State Maritime/ Directorate-wise share of cargo traffic handled during April-Nov., 2022**



- अप्रैल-नवंबर, 2022-23 के दौरान, समुद्री राज्य/राज्य निदेशालय में से गुजरात समुद्री बोर्ड ने 64.2% की हिस्सेदारी के साथ 274.44 मिलियन टन की अधिकतम कार्गो संभलाई की। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (15.8%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (10.1%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (6.1%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.8%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.5%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.3%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1%) आते हैं। **(ऊपर दिया गया ग्राफ 1)**

**तालिका -1 : गैर-महापत्तन – पत्तनवार संभाला गया मासिक कार्गो यातायात**

**(हजार टनों में)**

| क्रम सं. | पत्तनों के नाम | | (नवंबर, 2021) (पी) | | (नवंबर, 2022) (पी) | | कुल योग (अप्रैल- नवंबर 2021-22) (पी) | | कुल योग (अप्रैल- नवंबर, 2022-23) (पी) | | % अंतर {(कॉं.10 / कॉं.8-1)* 100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1 | जीएमबी | विदेशी | 29238 | 70.8 | 30783 | 71.3 | 237303 | 70.3 | 244727 | 69.4 | 3.1 |
| | | तटीय | 4046 | 59.3 | 3633 | 35.1 | 28599 | 52.3 | 29710 | 39.7 | 3.9 |
| | | कुल | 33285 | 69.2 | 34416 | 64.3 | 265902 | 67.8 | 274436 | 64.2 | 3.2 |
| 2 | एमएमबी | विदेशी | 2293 | 5.6 | 2256 | 5.2 | 14020 | 4.2 | 15663 | 4.4 | 11.7 |
| | | तटीय | 1928 | 28.2 | 4208 | 40.6 | 15252 | 27.9 | 27505 | 36.7 | 80.3 |
| | | कुल | 4220 | 8.8 | 6464 | 12.1 | 29272 | 7.5 | 43169 | 10.1 | 47.5 |
| 3 | टीएनएमबी | विदेशी | 596 | 1.4 | 908 | 2.1 | 4479 | 1.3 | 7281 | 2.1 | 62.5 |
| | | तटीय | 30 | 0.4 | 47 | 0.5 | 334 | 0.6 | 460 | 0.6 | 37.9 |
| | | कुल | 625 | 1.3 | 955 | 1.8 | 4813 | 1.2 | 7741 | 1.8 | 60.8 |
| 4 | गोवा | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 5 | 0.1 | 0 | 0.0 | 20 | 0.0 | 2 | 0.0 | -89.6 |
| | | कुल | 5 | 0.0 | 0 | 0.0 | 20 | 0.0 | 2 | 0.0 | -89.6 |
| 5 | केएमबी | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 1 | 0.0 | 0 | 0.0 | -100.0 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तटीय | 22 | 0.3 | 10 | 0.1 | 127 | 0.2 | 55 | 0.1 | -56.7 |
| | | कुल | 23 | 0.0 | 10 | 0.0 | 127 | 0.0 | 55 | 0.0 | -56.9 |
| 6 | पुदुच्चेरी | विदेशी | 197 | 0.5 | 927 | 2.1 | 3067 | 0.9 | 6522 | 1.9 | 112.7 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | कुल | 197 | 0.4 | 927 | 1.7 | 3067 | 0.8 | 6522 | 1.5 | 112.7 |
| 7 | आंध्र प्रदेश | विदेशी | 5810 | 14.1 | 5533 | 12.8 | 51943 | 15.4 | 53516 | 15.2 | 3.0 |
| | | तटीय | 597 | 8.7 | 2238 | 21.6 | 7487 | 13.7 | 13863 | 18.5 | 85.2 |
| | | कुल | 6407 | 13.3 | 7771 | 14.5 | 59430 | 15.1 | 67378 | 15.8 | 13.4 |
| 8 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | विदेशी | 11 | 0.0 | 1 | 0.0 | 28 | 0.0 | 130 | 0.0 | 363.0 |
| | | तटीय | 169 | 2.5 | 144 | 1.4 | 885 | 1.6 | 1076 | 1.4 | 21.7 |
| | | कुल | 181 | 0.4 | 145 | 0.3 | 913 | 0.2 | 1206 | 0.3 | 32.1 |
| 9 | कर्नाटक | विदेशी | 15 | 0.0 | 87 | 0.2 | 245 | 0.1 | 479 | 0.1 | 95.8 |
| | | तटीय | 6 | 0.1 | 14 | 0.1 | 88 | 0.2 | 99 | 0.1 | 12.5 |
| | | कुल | 20 | 0.0 | 101 | 0.2 | 333 | 0.1 | 578 | 0.1 | 73.8 |
| 10 | ओडिशा | विदेशी | 3128 | 7.6 | 2672 | 6.2 | 26702 | 7.9 | 24119 | 6.8 | -9.7 |
| | | तटीय | 25 | 0.4 | 61 | 0.6 | 1862 | 3.4 | 2144 | 2.9 | 15.1 |
| | | कुल | 3153 | 6.6 | 2732 | 5.1 | 28564 | 7.3 | 26263 | 6.1 | -8.1 |
| **कुल** | | **विदेशी** | **41287** | **85.8** | **43166** | **80.7** | **337787** | **86.1** | **352436** | **82.5** | **4.3** |
| | | **तटीय** | **6829** | **14.2** | **10355** | **19.3** | **54653** | **13.9** | **74914** | **17.5** | **37.1** |
| | | **कुल** | **48115** | **100.0** | **53521** | **100.0** | **392440** | **100.0** | **427350** | **100.0** | **8.9** |

**स्रोत :- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (पी) अनंतिम**

- अप्रैल-नवंबर, 2022-23 के दौरान, **परियोजना कार्गो ने** 82.1% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। हालांकि, कुल कार्गो संभलाई में इनकी हिस्सेदारी नाममात्र है। इसके बाद, दालें (71.4%), अन्य कोयला (41.3%), दालों को छोड़कर अन्य खाद्यान्न (35.4%), थर्मल कोयला (23.4%), चीनी (21.4%), एफआरएम लिक्विड (14.5%), लौह अयस्क (14.2%), उर्वरक (11.7%), खाद्य तेल (10.8%), सीमेंट (10.0%), कोकिंग कोयला (9.1%), अन्य वस्तुएं (3.5%), कंटेनर (1.9%), पीओएल क्रूड (0.9%) और निर्माण सामग्री (0.1%) हैं। अप्रैल-नवंबर, 2021-22 की तुलना में अप्रैल- नवंबर, 2022-23 के दौरान **एफआरएम ड्राई** ने यातायात में 100.0% की अधिकतम ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, लोहा और इस्पात (42.0%), अन्य अयस्क (12.2%), एलपीजी अथवा एलएनजी (10.5%) और पीओएल उत्पाद (1.5%) आते हैं। **(तालिका-2)**

- सभी वस्तुओं में से, अप्रैल- नवंबर, 2022-23 के दौरान पत्तनों में अधिकतम संभाला गया सामान **कंटेनर** है, जो 17.9% की हिस्सेदारी के साथ 76.61 मिलियन टन रहा। इसके बाद, अन्य कोयला (17.6%), पीओएल क्रूड (14.0%), पीओएल उत्पाद (10.7%), अन्य वस्तुएं (10.3%), लौह अयस्क/पेलेट (7.1%), कोकिंग कोयला (6.4%), थर्मल कोयला (5.6%), एलपीजी एवं एलएनजी (3.2%), उर्वरक (2.2%), सीमेंट (1.7%), दालों को छोड़कर अन्य खाद्यान्न (0.9%), लोहा और इस्पात (0.7%), खाद्य तेल (0.5%), चीनी (0.4%), अन्य अयस्क (0.3%), एफआरएम लिक्विड और निर्माण सामग्री (0.2% प्रत्येक) और परियोजना कार्गो तथा दालें (0.1%) हैं।

**तालिका-2: गैर-महापत्तनों में कार्गो यातायात की वस्तुवार वृद्धि**

**(हजार टनों में)**

| **वस्तुएं** | **(नवंबर, 2021) (पी)** | | **(नवंबर, 2022) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल-नवंबर, 2021-22) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल-नवंबर, 2022-23) (पी)** | | **% अंतर {(कॉ.8/ कॉ.6-1)* 100}** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (12) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| पीओएल क्रूड | 7380 | 15.3 | 8443 | 15.8 | 59185 | 15.1 | 59743 | 14.0 | 0.9 |
| पीओएल उत्पाद | 6083 | 12.6 | 6411 | 12.0 | 46505 | 11.9 | 45819 | 10.7 | -1.5 |
| एलपीजी या एलएनजी | 1620 | 3.4 | 1748 | 3.3 | 15067 | 3.8 | 13482 | 3.2 | -10.5 |
| खाद्य तेल | 254 | 0.5 | 321 | 0.6 | 2044 | 0.5 | 2265 | 0.5 | 10.8 |
| एफआरएम-लिक्विड | 91 | 0.2 | 142 | 0.3 | 861 | 0.2 | 987 | 0.2 | 14.5 |
| लौह अयस्क पेलेट /फाइन | 2609 | 5.4 | 4287 | 8.0 | 26525 | 6.8 | 30294 | 7.1 | 14.2 |
| अन्य अयस्क | 166 | 0.3 | 219 | 0.4 | 1234 | 0.3 | 1083 | 0.3 | -12.2 |
| थर्मल कोयला | 2073 | 4.3 | 1797 | 3.4 | 19289 | 4.9 | 23803 | 5.6 | 23.4 |
| कोकिंग कोयला | 3446 | 7.2 | 3292 | 6.2 | 24900 | 6.3 | 27166 | 6.4 | 9.1 |
| अन्य कोयला | 5652 | 11.7 | 8728 | 16.3 | 53352 | 13.6 | 75363 | 17.6 | 41.3 |
| उर्वरक | 1659 | 3.4 | 774 | 1.4 | 8387 | 2.1 | 9366 | 2.2 | 11.7 |
| एफआरएम-ड्राई | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 63 | 0.0 | 0 | 0.0 | -100.0 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | 366 | 0.8 | 321 | 0.6 | 2975 | 0.8 | 4028 | 0.9 | 35.4 |


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दालें | | 0 | 0.0 | 101 | 0.2 | 130 | 0.0 | 222 | 0.1 | 71.4 |
| चीनी | | 190 | 0.4 | 156 | 0.3 | 1458 | 0.4 | 1771 | 0.4 | 21.4 |
| सीमेंट | | 784 | 1.6 | 920 | 1.7 | 6579 | 1.7 | 7238 | 1.7 | 10.0 |
| लोहा तथा इस्पात | | 448 | 0.9 | 325 | 0.6 | 5307 | 1.4 | 3079 | 0.7 | -42.0 |
| परियोजना कार्गो | | 4 | 0.0 | 20 | 0.0 | 128 | 0.0 | 232 | 0.1 | 82.1 |
| निर्माण सामग्री | | 145 | 0.3 | 100 | 0.2 | 716 | 0.2 | 717 | 0.2 | 0.1 |
| कंटेनर | टन | 9195 | 19.1 | 9483 | 17.7 | 75163 | 19.2 | 76613 | 17.9 | 1.9 |
| | टीईयू* | 678 | 1.4 | 710 | 1.3 | 5517 | 1.4 | 5723 | 1.3 | 3.7 |
| अन्य | | 5952 | 12.4 | 5933 | 11.1 | 42574 | 10.8 | 44078 | 10.3 | 3.5 |
| कुल | | **48115** | **100.0** | **53521** | **100.0** | **392440** | **100.0** | **427350** | **100.0** | **8.9** |

**स्रोत :- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय टिप्पणी- * हजार की संख्या में**
**(पी) अनंतिम**

**अप्रैल-नवंबर, 2022-23 के दौरान संभाला गया विदेशी एवं तटीय कार्गो यातायात**


- अप्रैल-नवंबर, 2022-23 के दौरान गैर-महापत्तनों में, गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) ने 69.4% की हिस्सेदारी के साथ 244.43 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (15.2%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (6.8%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (4.4%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (2.1%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.9%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1% प्रत्येक) आते हैं। **(ग्राफ-2)**

**Graph 2. State Maritime/ Directorate-wise share of Overseas cargo traffic handled during April-Nov., 2022**




- अप्रैल-नवंबर, 2022-23, के दौरान गैर-महापत्तनों में, 39.7% हिस्सेदारी के साथ गुजरात समुद्री बोर्ड ने 29.71 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (36.7%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (18.5%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (2.9%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (1.4%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (0.6%), पत्तन निदेशालय, कर्नाटक और केरल समुद्री बोर्ड (0.1% प्रत्येक) आते हैं। **(ग्राफ-3)**

**Graph 3. State Maritime/ Directorate-wise share of Coastal cargo traffic handled during April-Nov., 2022**




*****************************